Roll No: 25BBA088
Date: 07/05/26

St. Claret College
Autonomous, Bengaluru

UG END -SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026

B.COM./ B.COM. VOC. (TTM) / BBA II SEMESTER

HNC 224: हिंदी पद्य, फिल्म समीक्षा एवं संक्षेपण

TIME: 3 hours. 1 **MAX. MARKS: 80**

This paper contains 2 printed pages and VI section

Instructions:
1. Verify and ensure that the question paper is completely printed.
2. Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the HOD within 1 hour after the examination.
3. Students must check the course title and course code before answering the question paper.

SECTION-I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : **[10 x 1 = 10]**

1. ऋतु के आने पर क्या आते हैं ?
2. सूरदास ने कामधेनु की तुलना किसके साथ की है ?
3. नायिका के घर के पास तिथि का पता कैसे लगता है ?
4. अपने पर कौन चिढ़ रहे थे ?
5. सिद्धार्थ क्या प्राप्त करने के लिए घर छोड़कर चले गए ?
6. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के रचनाकार कौन है?
7. इंद्रनील की माला किसने पहनी है ?
8. लेखक 'कलगी बाजरे की' किसे कहता है ?
9. कवि के अनुसार गीत बेचना कैसा है ?
10. चंद सपनों के टूट जाने से क्या खत्म नहीं होता ?

SECTION-II

किन्ही दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **[2 x 7= 14]**

11. ऐसी वाणी बोलिये, मन का आपा खोय ।
    औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय ॥
12. समै-समै सुन्दर सबै, रूपु-कुरूपु न कोइ।
    मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ ॥
13. कोई न छायादार
    पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीका
    श्याम तन, भर बँधा यौवन,
    नत नयन प्रिय, कर्म-रत मन,
    गुरु हथौड़ा हाथ,
    करती बार-बार प्रहार

SECTION-III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1 x 15 = 15]**

14. 'कलगी बाजरे की' कविता में निहित मूल भाव (सौंदर्य, प्रेम और प्रकृति) पर विस्तार से प्रकाश डालिए और बताइए कि कवि ने पारंपरिक रूढ़ियों को तोड़कर प्रेम के किस नए दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया है?"

15. 'गीत फरोश ' कविता सारांश लिखते हुए उसके शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिये।

SECTION-IV

किन्ही तीन विषयों पर टिप्पणी लिखिए : **[3 x 7 = 21]**

16. गोपियों का कृष्ण प्रेम
17. नागार्जुन की कैलाश यात्रा
18. यशोधरा
19. जीवन नहीं मरा करता है
20. सूरदास की भक्ति भावना

SECTION-V

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1 x 10= 10]**

21. "'मासूम' एक पारिवारिक संबंधों की जटिलताओं और भावनात्मक द्वंद्व को प्रस्तुत करने वाली संवेदनशील फिल्म है।"इस कथन की समीक्षा कीजिए।

22. डियर ज़िंदगी' फिल्म में आधुनिक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान को किस प्रकार प्रस्तुत किया गया है? विवेचना कीजिए।

SECTION-VI

दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई भाग में संक्षेपण कीजिए: **[1 x 10 = 10]**

23. आज के युग में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पहले शिक्षा केवल पुस्तकों और कक्षा तक सीमित थी, लेकिन अब डिजिटल माध्यमों ने इसे व्यापक और सुलभ बना दिया है। ऑनलाइन कक्षाओं, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थी कहीं भी और कभी भी अध्ययन कर सकते हैं। इससे शिक्षा में समानता लाने का प्रयास भी हुआ है, क्योंकि दूर-दराज़ के क्षेत्रों के विद्यार्थी भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। हालांकि, इस परिवर्तन के साथ कुछ चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। सभी विद्यार्थियों के पास इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की सुविधा नहीं होती, जिससे असमानता की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अलावा, लगातार स्क्रीन के उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। विद्यार्थियों में ध्यान की कमी और आत्म-अनुशासन की समस्या भी देखी जा रही है। अतः यह आवश्यक है कि तकनीक और पारंपरिक शिक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, ताकि शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल हो सके और प्रत्येक विद्यार्थी को समान अवसर प्राप्त हो।

****